कॉर्डाइट समाचार

कॉर्डाइट निर्माणी अरुवनकाडु   राजभाषा कार्यान्वयन समिति

तिमाही संस्करण   अंक–92   अप्रैल-जून 2023

अग्निशमन सप्ताह

निर्माणी में दि.15-04-2023(14-04-2023 अवकाश होने के कारण) से दि.20-04-2023 तक अग्निशमन सप्ताह मनाया गया । दि.15-04-2023 को मुख्य फायर स्टेशन के सामने आयोजित कार्यक्रम में अस्थायी प्रभारी अधिकारी श्री डी.मल्लिक, अपर महाप्रबंधक द्वारा फायर ब्रिगेड ध्वजारोहण के साथ सप्ताह का शुभारंभ हुआ । तदुपरांत दि.14-04-1944 के विस्फोट के बलिदानियों को श्रद्धांजली अर्पित की गई । सप्ताह के दौरान अग्निशमन संरक्षा के बारे में जागरूकता सृजन हेतु निर्माणी के महत्वपूर्ण स्थानों पर अग्निशमन संरक्षा के छायाचित्र एवं पोस्टर प्रदर्शित किया गया । विभिन्न अग्निशमन उपकरणों और बचाव सामग्रियों के प्रयोग के बारे में प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया । दि.16-04-2023 को अग्निशमन उपकरणों का प्रचालन निरीक्षण के साथ अग्निशमन कार्मिकों के शारीरिक स्वस्थता ड्रिल का आयोजन इस दौरान किया गया ।

दि.17-04-2023 को अग्निशमन दल द्वारा अग्निशमन संरक्षा के बारे में निर्माणी कार्मिकों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया । इस के अलावा अग्निशमन दल द्वारा विभिन्न अनुभागों विशेष कर ज्वलनशील सामग्रियों के भंडारण क्षेत्रों के अग्नि संकटों के पहचान हेतु निरीक्षण संपन्न हुआ । इसी दिन **‘अग्निशमन संरक्षा सीखें, उत्पादकता बढ़ाएँ’** विषय पर तमिल, हिन्दी और अंग्रेज़ी में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । दि.18-04-2023 को अग्निशमन तैयारियों के बारे में कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ । इसी दिन विद्युत संरक्षा सहित अग्नि संरक्षा लेखा परीक्षा की गई । इस के अलावा निर्माणी इस्टेट निवासियों के लिए एल पी जी संरक्षा के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । सुरक्षा अनुभाग के कार्मिकों के लिए अग्नि निगरानी एवं अग्नि संरक्षा प्रथमोपचार और निष्क्रमण पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया । दि.19-04-2023 को अग्निशमन संरक्षा पर भारतीय पास्चर संस्थान, कुनूर के श्री मोहन, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी द्वारा व्याख्यान दिया गया ।

दि.20-04-2023 को शताब्दी भवन में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया । महाप्रबंधक श्री पंकज गोयल समारोह में मुख्य अतिथि रहे । निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को महाप्रबंधक ने पुरस्कार वितरण किया । तदुपरांत अग्निशमन संरक्षा पर एक लघु नाटक का प्रदर्शन संपन्न हुआ ।

अग्निशमन सप्ताह दीर्घा

डॉ.अंबेडकर जयंती

दि.13-04-2023 को(14-04-2023 अवकाश होने के कारण) निर्माणी में डॉ.अंबेडकर जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत अस्थायी प्रभारी अधिकारी श्री डी.मल्लिक, अपर महाप्रबंधक द्वारा डॉ.बी.आर.अंबेडकर के छायाचित्र पर मालार्पण के साथ हुआ । तदुपरांत उपस्थित सभी ने डॉ.अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पार्चना की ।

अस्थायी प्रभारी अधिकारी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में स्वतंत्रता संग्राम और भारत के संविधान निर्माण में डॉ.बी.आर.अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला । इसके बाद उपस्थित विभिन्न व्यक्तियों ने डॉ.अंबेडकर के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किए ।

आतंकवाद विरोध दिवस

दि.20-05-2023(21-05-2023 रविवार होने के कारण) को निर्माणी में आतंकवाद विरोध दिवस मनाया गया । इस दिन महाप्रबंधक महोदय के नेतृत्व में सभी ने शपथ ग्रहण संपन्न हुआ । श्री नज़ीम अहम्मद, उप महाप्रबंधक ने तमिल में, श्री डी मल्लिक, अपर महाप्रबंधक ने हिन्दी में और श्री पंकज गोयल, महाप्रबंधक ने अंग्रेज़ी में शपथ दिलाया । अनुभाग स्तर पर सभी ने प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में तीनों भाषाओं में शपथ लिया ।

मध्याहन भोज

वर्ष 2022-23 का उत्पादन लक्ष्य समय पर हाजिल करने के उपलक्ष्य में महाप्रबंधक ने दि.04/04/2023 को निर्माणी के सभी कार्मिकों (डी एस सी कार्मिक और ठेकेदार मज़दूर सहित) को निर्माणी के औद्योगिक कैन्टीन में मध्याहन भोज दिया । दोपहर 1200 बजे महाप्रबंधक श्री पंकज गोयल ने मध्याहन भोज का उद्घाटन किया । निर्माणी के सभी अधिकारी और कार्मिकों ने हर्षोल्लास के साथ इस मध्याहन भोज में भाग लिया ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड, पुणे के निदेशानुसार दि.21-06-2023 को निर्माणी में 9 वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । सुबह 0630 बजे आयोजित योग शिविर में निर्माणी के अधिकारी, स्टाफ, कार्मिक और उनके परिवार सदस्यों ने भाग लिया ।

अरुवनकाडु अरिवु तिरुकोविल के प्रतिष्ठित संकायों द्वारा योग अभ्यास कार्यक्रम चलाया गया और उन्होंने मानवीय ज़िन्दगी में योग के महत्व का उल्लेख किया । योग अभ्यास के द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से होनेवाले विकास के बारे में संकायों ने व्याख्यान दिया । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आचरण योग के बारे में समाज में जागरूकता सृजन हेतु सहायक होता है । योग शिविर में प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया गया । म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड और कॉर्डाइट निर्माणी की ओर से संकाय सदस्यों को स्मृति चिहन प्रदान किया गया ।

योग अभ्यास के क्षण

संपादक मंडल :- मुख्य संरक्षक :- श्री पंकज गोयल, महाप्रबंधक, मार्गदर्शन:- श्री डी.मल्लिक, अपर महाप्रबंधक, प्रधान संपादक :- श्री सुरेश कुमार चिक्काला, संयुक्त महाप्रबंधक, संपादक :- श्रीमती मीरा रॉय, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी सह संपादक :- डॉ.एम.ए.पी.भट्ट,कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, सहयोग:- श्री जी.एम.कासिम, हिन्दी टंकक